**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**06 जुलाई 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सहकारी समितियों ने देश के विकास में अहम् भूमिका निभाई है।
- भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयन्ती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।
- हरियाणा सरकार ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से पैदा की गई फसल खरीदने के लिए गुरुग्राम में अनाज मण्डी तैयार की।
- लाडवा के ऊष्णकटिबंधीय फल केंद्र में 4 जुलाई को शुरू हुआ फल मेला सम्पन्न हुआ।
- सांसद किरण चौधरी ने भिवानी में जुई फीडर पर लिफ्ट इरीगेशन प्रणाली के जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी।

**************************************************************************

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूरे होने पर कहा कि सहकारी समितियों ने देश के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाई है। वो गुजरात के आणंद में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्री शाह ने कहा कि वो न होते तो कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं होता।

**************************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और अन्य नेताओं ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के शहीदी पार्क में डॉक्टर मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने भारतीय भाषाओं के महत्व की वकालत करने में डॉक्टर मुखर्जी के योगदान की सराहना की।

**डॉक्टर मुखर्जी ने कोलकाता विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला लिया था। भारतीय भाषाओं को एक जो सम्मान का स्थान देना है वो स्थान दे देंगे। उस युग में उन्होंने भारतीय भाषाओं की वकालत की है। डॉक्टर मुखर्जी ने कहा भारत की भाषाओं में अगर हमारे नौजवान शिक्षा ग्रहण करेंगे इंजीनियरिंग हो, मेडिकल हो, तो उनका समझने का तरीका बेहतर होगा और वही आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उसी पोलिसी को इंक्लुड किया।**

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने आज नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण विजन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण को दूषित होने से बचाने हेतु महापुरूषों के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पदचिह्नों पर चलते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब व्यक्ति की सेवा करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रखर व्यक्तित्व के धनी, जनसंघ संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र हित को लेकर महत्वपूर्ण कार्य किए।

**************************************************************************

कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर इस्कॉन द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई । कल देर शाम निकाली गई भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा ब्रह्मसरोवर से शुरू होकर कुरुक्षेत्र शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई सेक्टर 13 में रात्रि के समय समाप्त हुई। रथ यात्रा में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी शामिल हुए। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा -

कृषि मंत्री ने रथ यात्रा के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री राणा ने कहा कि अगले साल इस्कॉन के कृष्ण - अर्जुन मंदिर के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे।

**************************************************************************

हरियाणा सरकार ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से पैदा की गई फसल खरीदने के लिए गुरुग्राम में अनाज मंडी तैयार की है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि अनाज मंडी में फसल की गुणवत्ता की जांच करने के लिए एक प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है। इस प्रयोगशाला में गुणवत्ता तय होने के बाद गठित की गई समिति द्वारा तय भाव पर फसल खरीदी जाएगी। कृषि मंत्री आज लाड़वा में उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र में आयोजित 7वें फल उत्सव मेले में लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने बताया कि

लाडवा में स्थापित इस उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र में प्रतिवर्ष किसानों के लिए एक लाख पौधों की पौध तैयार की जा रही है। साथ ही आम, लीची, नाशपाती, आड़ू व चीकू सहित छह फसलों पर अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस फल केंद्र में वैज्ञानिकों द्वारा एक ऐसा आम का पेड़ तैयार किया जा रहा है, जिसके फल की बाजार में करीब एक लाख रुपए प्रति किलो तक कीमत मिल सकती है।इसके अलावा एक पौधे को छह कलमों से तैयार करके छह प्रकार के फल एक ही पेड़ से प्राप्त करने पर काम हो रहा है। श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने और परंपरागत खेती में बदलाव लाने के लिए प्रदेश में ऐसे 17 केंद्र खोले जा रहे हैं। उन्होंने फल केंद्र परिसर में आम का पौधा भी रोपित किया। मंत्री ने बागवानी क्षेत्र के 10 प्रगतिशील किसानों को 5100 रुपए, ट्रॉफी और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही मेले में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन कर विशेषज्ञों से आम की किस्मों के बारे जानकारी भी ली।

**********************************************************************

लाडवा के उष्णकटिबंधीय फल केंद्र में लाडवा में 4 जुलाई को शुरू हुआ फल मेला आज संपन्न हो गया। आज मेले के आखिरी दिन उद्यान महानिदेशक डॉ रणबीर सिंह ने बताया -

लाडवा केंद्र के उपनिदेशक डॉ राकेश कुमार ने बताया कि मेले का उद्देश्य किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करना है।

मेले में लगे एक स्टाल पर अपनी उपज बेच रहे कुलबीर सिंह ने कहा -

**********************************************************************

सांसद किरण चौधरी ने आज भिवानी में जुई फीडर पर 33 करोड़ की लागत से लिफ्ट इरीगेशन प्रणाली के जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी। इससे भिवानी के मरूस्थलीय क्षेत्रों में सिंचाई संभव होगी और जिले के 22 गांवों को सीधा लाभ पहुंचेगा। सांसद ने कहा कि जल उठान सिंचाई परियोजना के तहत 21 फुट पानी को लिफ्ट किया जा रहा है।

**********************************************************************